

# धुएं से भर गया बैंक, एक घंटे में आग पर पाया काबू

▸ कैश काउंटर और कंप्यूटर जले, डेटा सुरक्षित...अभी दूसरे शाख से होगा काम



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** इंडियन बैंक की पैलेस रोड क्षेत्र स्थित शाखा में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। आग से धूआं उठता देखा तो हड़कंप मच गया। आग इतनी फैल चुकी थी कि आग धुएं से पूरा बैंक परिसर भर गया था और आग से बैंक के कुछ कंप्यूटर और कैश काउंटर जला है।

बैंक मैनेजर राजीव गोधरा ने बताया कि शुक्रवार को सुबह तकरीबन 7 बजे बैंक से धुंआ निकलता नजर आया। सायरन बजने लगा। सूचना मिलते ही मैं और स्टाफ मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां तत्काल आई और आग पर काबू पा लिया गया। बैंक परिसर में ही दो अग्निशमन यंत्र भी लगे हुए थे, मगर उन तक पहुंच पाना भी मुश्किल था। बताया जा रहा है कि आग बुझाने में तकरीबन 1 घंटे का समय लगा। पूरा बैंक का परिसर आग और धुएं से काला काला हो गया। फर्श पर पानी पानी हो गया। साफ सफाई चल रही है। बैंक में आग की घटना के बाद आस पास वाले सहम गए। आग पर तत्काल काबू पाने से लोगों ने राहत की सांस ली। बैंक मैनेजर श्री गोधरा ने बताया कि आग की घटना में कैश काउंटर और कंप्यूटर प्रभावित हुए हैं। बैंक में तकरीबन 10000 ग्राहक हैं। ग्राहकों को चिंता करने की कोई बात नहीं है। डेटा और लॉकर भी सुरक्षित है।

दल द्वारा जांच की जा रही है। शार्ट सर्किट से आग लगी है या कोई अन्य कारण है। जांच रिपोर्ट के पश्चात ही स्पष्ट हो सकेगा। श्री गोधरा ने बताया कि बैंक संबंधी कार्य फिलहाल पावर हाउस रोड स्थित शाखा पर किया जा रहा है, जो भी यहां के ग्राहक हैं, वे वहां जाकर अपना कार्य करवा सकते हैं। लॉकर की सुविधा अभी बंद रहेगी। सोमवार से सुचारू रूप से कार्य शुरू होने की संभावना है।

### आग की जानकारी पर ग्राहक भी पहुंचे बैंक

बैंक के लॉकर रूम के आगे स्थित कैबिन में आग लगी थी, लेकिन लॉकर रूम आग की चपेट में आने से बच गया। खबर फैलने पर बैंक के कई ग्राहक भी वहां पहुंच गए थे। बैंक मैनेजर के अनुसार आग से एसी, कम्प्यूटर और फर्नीचर को नुकसान पहुंचा है तथा कुछ दस्तावेज भी जले है। डेटा व लॉकर सुरक्षित है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया लेकिन आशंका है कि आग शार्ट सर्किट से लगी होगी। आग से कितना नुकसान हुआ, यह भी अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, बैंक अधिकारी नुकसान का आंकलन करने में लगे है।

# पूजा के दौरान तीन महिलाओं से चेन स्नेचिंग

▸ हरदेव लाला पिपली पर हुई वारदात



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** नगर में बुधवार को दशा माता पर्व के चलते महिलाओं द्वारा पुजा कर पर्व मनया जा रहा था। इस दौरान शहर के हरदेव लाला पिपली पर तीन महिलाओं से चैन स्नेचिंग की वारदात हो गई।

जानकारी के अनुसार शहर में दशा माता के पूजन का आयोजन चल रहा है। इसी को जरिया बनाते हुए आरोपियों ने महिलाओं को अपना शिकार बनाया। तीन महिलाओं के साथ चैन स्नेचिंग की घटना से शहर के लोगों को झंझोड़ कर रख दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार माणक चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदेव लाला पिपली पर आज सुबह दशा माता की पूजन के लिए कई महिलाओ का मंदिर के लिए आना जाना चल रहा था। तभी आरोपियों ने मौके का फायदा उठाकर तीन महिलाओं से चैन स्ट्रेचिंग की वारदात को अंजाम दे दिया। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि एक महिला की चेन काटने के दौरान उसके हाथ में ही रह गई, जबकि दो महिलाओं की चैन गायब होने की सुचना है। पुलिस ने बताया की महिलाओ के गले से चैन चोरी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई और घटना की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस फरियादी को लेकर साइबर सेल सहित अन्य स्थानों के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुटी हुई है।

## एक नजर में

### अनुपस्थित 19 सफाई संरक्षकों को नोटिस

**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा सफाई का कार्य करवाया जा रहा है जिसके तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सफाई के साथ ही नाले-नालियों की सफाई का कार्य करवाया जाकर यथा समय कचरा/मलबा उठाया गया। स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा विनोबा नगर मुक्तिधाम के पास, विक्रम नगर नाले की सफाई के साथ ही वार्ड 15 श्याम डागर से संतोषी माता मंदिर तक, पटेल कॉलोनी, रहमत नगर, टाटा नगर गली नम्बर 1, शंकरगढ़, करमदी रोड, ईदगाह, बरगुन्डो का वास, मौमिनपुरा, वेदव्यास कॉलोनी, देवीसिंह की गली, बिचलावास, मेहताजी का वास, हाकिमवाड़ा, पुरोहितजी का वास, झोन क्रमांक 4 आदि क्षेत्रों की नालियों की सफाई के अलावा पोलोग्राउण्ड की साफ-सफाई करवाई गई तथा नगर के विभिन्न क्षेत्रों के दुकानदारों से 15 किलो अमानक पॉलीथीन जब्त की गई। वहीं सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डो में बिना सूचना के अनुपस्थित 19 सफाई संरक्षकों को नोटिस जारी किए।

### सीएम डॉ . यादव ने जिले की 247798 लाड़ली बहनों को 36 करोड़ 27 लाख रूपये अंतरित किए



**रतलाम।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुक्रवार को ग्वालियर जिले के शबरी माता मंदिर घाटीगांव में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत लाड़ली बहनों को 1500 प्रति बहन की दर से 34 वी किस्त राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया। लाडली बहना योजना अंतर्गत रतलाम जिले की 247798 लाड़ली बहनों को 36 करोड़ 27 लाख रुपये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित किये गये। इस अवसर पर पूरे प्रदेश में कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट प्रसारित किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से जिला स्तर पर महिला एवं बाल विकास कार्यालय में एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आंगनवाड़ी केंद्रों पर किया गया।

### राजस्व अधिकारियों द्वारा गैस एजेंसियों के वितरण केन्द्रों का निरीक्षण किया

**रतलाम।** जिले में उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर की निर्बाध आपूर्ति के लिए कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार जिले में राजस्व अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों के वितरण केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जावरा क्षेत्र में सिद्धि विनायक भारत गैस एजेंसी एवं वर्धमान गैस एजेंसी का निरीक्षण किया गया। धामनोद में कुलदीप इंडेन गैस एजेंसी का निरीक्षण किया गया। आलोट क्षेत्र में एसडीएम आलोट रचना शर्मा द्वारा बीपीसी दक्षिणेश्वरी गैस एजेंसी एवं गोदाम का निरीक्षण किया गया। रतलाम शहर मे एसडीएम आर्ची हरित द्वारा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं वितरको को शासन के निर्देशानुसार वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये। उपलब्ध स्टॉक और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने ऑनलाइन बुकिंग अनुसार उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, आवश्यक स्टॉक बनाए रखने के निर्देश वितरकों को दिए।

# बजट को महापौर परिषद की मंजूरी,अब परिषद में होगा पेश

▸ सड़क नामकरण व प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े प्रस्तावों को भी मिली मंजूरी



**रतलाम।** महापौर परिषद की बैठक में निगम के वर्ष 2026-27 के आय-व्यय पत्रक (बजट) पर चर्चा की गई। महापौर परिषद के सदस्यों द्वारा आय-व्यय पत्रक (बजट) में अनुमानित प्रावधानों में रखे गए आंशिक संशोधनों को बजट में शामिल कर वर्ष 2026-27 वित्तिय वर्ष बजट को सर्वानुमति से पारित करते हुए निगम परिषद में रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की।

महापौर प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में फुलमण्डी चौराहे से हाकिमवाड़ा तक की सड़क का नाम भारत देश की प्रथम महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारिका तथा मराठी कवियत्री श्रीमती सावित्रीबाई फुले मार्ग रखे जाने एवं साक्षी पेट्रोल पम्प वाले तिराहे का नाम श्री रघुवीर टाट वाले महाराज पर के नाम पर रखे जाने के प्रस्ताव परिषद में रखे जाने की स्वीकृति महापौर परिषद द्वारा प्रदान की गई।

इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत एएचपी घटक के माध्यम से आवासहीन परिवारों को किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराये जाने के तहत रतलाम नगर निगम को 4499 ईडब्लयूएस आवास निर्माण के दिये गये लक्ष्य के तहत डीपीआर तैयार किये जाने के लिये कंसलटेंट नियुक्त किये जाने हेतु प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति महापौर परिषद द्वारा प्रदान की गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक अर्न्तगत डीपीआर-3 बंजली निर्मित एलआईजी फ्लेट का प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर 4 एलआईजी फ्लेट का अस्थाई आवंटन किये जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई।

इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना-षहरी 2.0 के अन्तर्गत बीएलसी घटक के में दावा आपत्ति उपरांत पात्र पाये गये 15 हितग्राहियों की अंतिम सूची को महापौर परिषद ने अनुमोदन प्रदान कर सूची जिला कलेक्टर रतलाम को प्रेषित किये जाने के स्वीकृति प्रदान की।

आयोजित बैठक में महापौर प्रहलाद पटेल के अलावा महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, राजू सोनी, रामूभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी के अलावा निगम अधिकारी महेश सिरोहिया, राहूल जाखड़, विजय बालोद्रा, राजेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र पुरोहित, बलवंतसिंह राठौर, कैलाश गेहलोत आदि उपस्थित थे।

## भजन संध्या :माता शीतला के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

**रतलाम।** आदर्श कल्याण गुरु नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतला सप्तमी के अवसर पर जय शीतला माता मित्र मंडल द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीतू जी धोरा मित्र मंडल द्वारा माता शीतला के अद्भुत और भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माता जी के भक्तों की उपस्थिति रही, जिन्होंने भक्ति भाव के साथ भजनों का आनंद लिया और माता शीतला के जयकारों से माहौल को गुंजायमान कर दिया। भक्तों की सक्रिय भागीदारी और आस्था ने कार्यक्रम को सफल बनाया। जय शीतला माता मित्र मंडल आदर्श कल्याण गुरु नगर के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तों का सहयोग, आशीर्वाद, स्नेह और उपस्थिति के लिए दिल की गहराइयों से स्वागत, अभिनंदन और आभार व्यक्त किया। मंडल ने कामना की कि इसी प्रकार सभी भक्तों का सहयोग और आशीर्वाद मां शीतला की कृपा से सदा बना रहे।



## दशा माता पर्व पर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना, पीपल वृक्ष की 108 परिक्रमा

**नवभारत न्यूज**

**नामली।** नगर में बुधवार को दशा माता का पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह 6 बजे से ही नगर की माता-बहनें रंग-बिरंगी वेशभूषा में पूजा की थाली लेकर विभिन्न मंदिरों और पीपल वृक्षों के पास पहुंचीं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

खेड़ापति हनुमान मंदिर, पुराना थाना क्षेत्र, अम्बे माता जी मंदिर, शीतला माता जी मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे, स्टेशन रोड, द्वारकाधीश मंदिर सहित नगर के 12 से अधिक स्थानों पर महिलाओं ने पीपल वृक्ष की पूजा कर धागा बांधा तथा 108 परिक्रमा की। पूजा के बाद दशा माता की कथा का श्रवण किया गया। इस दौरान सभी स्थानों पर महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने बारी-बारी से पूजा कर परिक्रमा की और घर लौटकर हल्दी-कुमकुम से घर के बाहर दीवारों पर स्वास्तिक बनाकर परिवार की सुख-समृद्धि और निरोगी जीवन की कामना की। पूजा के लिए नगर के विभिन्न मोहल्लों से महिलाओं की टोलियां हाथों में पूजा की थाली लेकर आते-जाते दिखाई दीं। यह पर्व महिलाओं के लिए वार्षिक महापर्व के रूप में मनाया जाता है। परंपरा के अनुसार पर्व से एक सप्ताह पहले पंडितों द्वारा घर-घर जाकर धागे वितरित किए जाते हैं, जिन्हें दशा माता के नाम से महिलाएं आज पीपल वृक्ष पर बांधती हैं। इसे सुख-समृद्धि और मंगलकामना का प्रतीक माना जाता है।

## चेक बाउंस होने पर आरोपियों को 6-6 माह का कारावास

**जावरा।** अभिभाषक तन्मय सोनी द्वारा जानकारी दी गई कि परिवादी शमीम जहाँ पति जाकिर हुसैन मंसुरी निवासी स्टेशन रोड जावरा द्वारा अभियुक्त रमेशचंद्र पिता रामचंद्र अटोलिया को रूपये 14 लाख 7 हजार उधार प्रदान किए थे, जिसके ब्याज सहित भुगतान हेतु अभियुक्त द्वारा दौ चेक जिसमे एक चेक रूपये 9 लाख तथा दुसरा चेक 9 लाख 50 हजार का प्रदान किया गया था। उक्त दोनो चेक अपर्याप्त निधी होने के कारण बैंक द्वारा अनादृत कर दिये, जिसके आधार पर परिवादी द्वारा न्यायालय में अभियुक्त के विरूद्ध दो परिवाद पत्र प्रस्तुत किये थे। जिसमे न्यायालय जे.एमएफसी एनएस ताहेड द्वारा 20-01-2026 को पृथक-पृथक निर्णय पारित करते हुए अभियुक्त को 6-6 माह के कठोर कारावास तथा रूपये 13लाख 49 हजार व रूपये 12 लाख 85 हजार का अर्थदण्ड किया गया।



## असावती सरपंच क्रिकेट टूर्नामेंट में 16 टीमें ले रही भाग

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** ग्राम असावती में सरपंच क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ग्राम असावती युवा कांग्रेस जावरा ग्रामीण द्वारा किया जा रहा है। उद्घाटन ग्राम पंचायत असावती सरपंच संगीताबाई लालू परमार, ठाकुर जगपालसिंह डोडिया और राहुल धनगर की उपस्थिति में किया गया। पहला मुकाबला रोला और माल्याखेड़ा के बीच हुआ, जिसमें माल्याखेड़ा ने 64 रन से जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला असावती और एरवॉश के बीच हुआ, जिसमें असावती ने 5 विकेट से जीत दर्ज की। तीसरे मुकाबले में माल्याखेडा ने असावती को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ले रही हैं और आगे के मुकाबले भी रोमांचक होने की उम्मीद है।

## अमानक 5 साइलेंसर जब्त,नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई

▸ पुलिस की यातायात व्यवस्था सुधार हेतु सख्त कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने, ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण करने तथा यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रतलाम पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रतलाम यातायात पुलिस द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 5 अमानक (फटाकेदार) साइलेंसर लगाने वाले वाहन चालकों एवं नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार एसपी अमित कुमार के निर्देशन, एएसपी विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) आनंद स्वरूप सोनी के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक राजशेखर वर्मा, सूबेदार अनोखीलाल परमार एवं यातायात थाना टीम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 5 दोपहिया वाहनों में अमानक (फटाकेदार) साइलेंसर पाए जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए साइलेंसर जप्त किए गए। इसी क्रम में शहर के व्यस्त क्षेत्र चांदनी चौक में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े 7 वाहनों को थाना लाकर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस द्वारा बताया गया कि व्यस्त बाजार क्षेत्रों में गलत स्थान पर वाहन खड़े करने से यातायात बाधित होता है तथा आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

# खबर का असर : नामली में सड़कों से हटे बेकार स्पीड़ ब्रेकर



**नवभारत न्यूज**

**नामली।** नगर में सड़कों पर बने स्पीड़ ब्रेकरों को लेकर नवभारत ने नामली में स्पीड ब्रेकरों की भरमार, वाहन चालक हो रहे घायल शीर्षक से समाचार को प्रकाशित किया था। इस समाचार को पढ़ने के बाद नगर प्रशासन हरकत में आया और असर देखने को मिला। खबर प्रकाशित होने के बाद नगर प्रशासन और संबंधित विभाग हरकत में आए और नामली क्षेत्र की कई सड़कों से अवरोध (स्पीड ब्रेकरों) हटाए गए। स्थानीय लोगों द्वारा की गई शिकायत में बताया गया था कि सड़क किनारे और बीच में बड़े-बड़े पत्थर व अस्थायी अवरोध (स्पीड ब्रेकरों) बनाए गए हैं। इन स्पीड ब्रेकरों से वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी और दुर्घटना का खतरा भी बना रहता था। इससे कई लोग हादसे का शिकार होकर घायल हो गए और अस्पताल तक पहुंच चुके हैं। इस समस्या को प्रमुखता से उठाने के बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद नगर परिषद और संबंधित विभाग की टीम ने सड़क से अवरोध हटवाए। कार्रवाई के बाद रास्ता पूरी तरह साफ हो गया, जिससे आम लोगों और वाहन चालकों को राहत मिली है। स्थानीय नागरिकों ने समस्या के समाधान पर प्रशासन और नवभारत का आभार व्यक्त किया है।



एक नजर में ▸ मुख्य मार्गों के साथ गली-मोहल्ले में स्पीड ब्रेकरों से शरीर हो रहा कमजोर

नामली नगर में स्पीड ब्रेकरों की भरमार, वाहन चालक हो रहे घायल

▸ नियम विपरित बने स्पीड ब्रेकर

**की थी शिकायत:** 19 फरवरी को स्कूटी से सेमलिया से गुजर रहे मांगीलाल घायल हो गए थे। इसके बाद क्षेत्र के रहवासियों ने थाना नामली में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया गया कि सड़क पर बिना सूचना बोर्ड या संकेत के स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं, जिससे वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है और कई बार वाहन चालक गिरकर घायल भी हो चुके हैं। रहवासियों का कहना है कि यह सड़क लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधीन आती है, लेकिन विभाग द्वारा यहां किसी भी प्रकार के स्पीड ब्रेकर बनाने की अनुमति नहीं दी गई है। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा मनमाने तरीके से अवरोधक बना दिए गए हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही है।

एक नजर में ▸ सिटी ओवरब्रिज के नीचे से उड़ाई थी कार, पुलिस के जाल में फंसा ईको कार चोर

# 3 राज्यों, 500सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद कार चोर को दबोचा



### बदल दी थी नंबर प्लेट

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने साक्ष्य छिपाने के लिए चोरी की कार पर दूसरी ईको कार (आरजे 27 सीबी 7488) की नंबर प्लेट लगा दी थी। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन वाहन चोर है और विशेष रूप से मारुति ईको कारों को ही निशाना बनाता था। उसके खिलाफ कोटा जिले के विभिन्न थानों में करीब 5 से 7 कार चोरी के मामले दर्ज हैं, जो न्यायालय में लंबित हैं। आरोपी अक्सर जमानत पर छूटकर फिर चोरी की वारदात को अंजाम देता था।

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** सिटी ओवरब्रिज के नीचे से चोरी हुई मारुति ईको कार के मामले में जावरा शहर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने आदतन वाहन चोर को गिरफ्तार कर चोरी की कार सहित करीब 5 लाख 40 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया है। तीन राज्यों में 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद ट्रेन से भागने की कोशिश करने के दौरान ट्रेन में पीछा कर आरोपी को पुलिस ने पकड़ा। जानकारी के अनुसार तिलक नगर निवासी महेन्द्र चावला ने थाना जावरा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19-20 फरवरी की दरमियानी रात किसी अज्ञात बदमाश ने उनकी मारुति ईको कार (एमपी 43 सीबी 1398) और कार में रखा इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर लिया। मामले में जावरा शहर थाना पुलिस ने अज्ञात पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक युवराजसिंह चौहान और थाना प्रभारी दीपक मंडलोई के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस ने जावरा, कोटा, मथुरा, सवाई माधौपुर और उत्तराखंड के पीरान कलियर तक तलाश की और करीब 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

**5.40 लाख का सामान बरामद:** पुलिस ने आरोपी से चोरी की कार के साथ 18 इंडक्शन चूल्हे, 5 वॉटर हीटर, 2 मिक्सर, 1 सीलिंग फैन सहित अन्य सामान बरामद किया है। बरामद मश्रुका की कुल कीमत करीब 5 लाख 40 हजार रुपये बताई गई है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है और उससे अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।